57

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–302/2025 3978 /पटना, दिनांक– 30.3.26

संवेदक Sneha Singh (Registration No. 1220122) Add:- C/O- Prashant Kumar Singh, Maharaja Hata, Katira, Arrah, Bhojpur Bihar Pincode 802301 को कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के अधीन PMGSY योजनान्तर्गत MRL-15 NH Raunali More to Arazi Mohnpur Via Dighi Const of RCC HL Bridge at Ch. 3+650 KM, (Package No. BR33P3R-32) पुल का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः–59SBD/2023-24 के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 05.02.2024 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 04.02.2024 था।

उक्त पुल के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पुल का कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तदालोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के सकारण आदेश पत्रांक 1779 दिनांक 04.08.2025 द्वारा संदर्भित पथ के एकरारनामा संख्याः–59SBD/2023-24 को विखंडित करते हुए संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 11278 अनु0 दिनांक 04.11.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक Sneha Singh (Reg. No. 1220122) द्वारा दिनांक 12.11.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए उल्लेखित किया गया कि संदर्भित पथ की लम्बाई पुल के Chainage से पहले पूर्व में दो पुलो का निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा था, जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। उक्त पुलो के डायवर्सन के कारण कार्य स्थल पर निर्माण सामग्रियों (सरिया, गिट्टी, बालू, सिमेन्ट) एवं अन्य यंत्र–संयत्रों को ले जाने में बहुत बड़ी समस्या है। पुलो का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य स्थल पर सुचारू ढंग से निर्माण समाग्री पहुँच पायेगी। कार्य स्थल पर बहुत अधिक ही जल–जमाव की स्थिति थी, जिसे निकाला जा चुका है। पुल Dismanteling का कार्य पूर्ण हो चुका है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संदर्भित पुल का निर्माण पूर्ण किये जाने हेतु 31.05.2026 तक समयावधि दिये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के पत्रांक 2593 दिनांक 29.12.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि PMGSY-III योजनान्तर्गत MRL-15 NH RAUNALI MORE TO MOHNPUR VIA DIGHI Const of RCC HL Bridge at Ch. 3+650 KM (Package No. BR33P3R-32) पुल का निर्माण से संबंधित कार्य संवेदक के द्वारा अभी तक कार्य स्थल पर कोई भी कार्य नहीं किया गया है तथा न ही स्थल पर कोई मटेरियल गिराया गया है, परन्तु स्थिति यह है कि पुल पर मटेरियल ले जाने हेतु किसी प्रकार का कोई रूकावट नहीं है एवं मटेरियल का Mobilisation असानी से किया जा सकता है। जहाँ तक संवेदक के द्वारा दिये गये पत्र में मटेरियल के ले जाने हेतु दो पुलो का जिक्र किया गया है। उक्त दो पुलो पर पूर्व से ही डायभर्सन बना हुआ है। परन्तु संवेदक स्नेहा सिंह (निबंधन संख्या–1220122) द्वारा अभी तक उक्त पुल के कार्य में कोई रूची नहीं लिया जा रहा है।

इससे स्पष्ट है कि संदर्भित पुल का निर्माण कार्य ससमय नहीं किया जाना, संवेदक Sneha Singh (Reg. No. 1220122) पूर्णतः दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Sneha Singh (Registration No. 1220122) Add:- C/O- Prashant Kumar Singh, Maharaja Hata, Katira, Arrah, Bhojpur Bihar Pincode 802301 के निबंधन संख्याः– 1220122, PAN No. HHGPS6525C को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–302 / 2025 3978 / पटना, दिनांक– 30.3.26

बंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Sneha Singh (Registration No. 1220122) Add:- C/O- Prashant Kumar Singh, Maharaja Hata, Katira, Arrah, Bhojpur Bihar Pincode 802301 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–302 / 2025 3978 / पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–302 / 2025 3978 / पटना, दिनांक–30.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–302 / 2025 3978 / पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–302 / 2025 3978 / पटना, दिनांक– 30.3.26

'ebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

अभियंता प्रमुख